# सिद्धार्थनगर पुलिस

**प्रेस नोट दिनांक 07.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆थाना शिवनगर डिड़ई पुलिस टीम द्वारा पति-पत्नी के बीच आपसी मनमुटाव के कारण नाराज होकर घर से कही चले जाने की शिकायत पर पत्नी व दो बच्चों तलाश कर सकुशल परिजनों को किया गया सुपुर्द।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन व शुभेंदु सिंह क्षेत्राधिकारी बॉसी के पर्यवेक्षण में बृजेश सिंह थानाध्यक्ष शिवनगर डिडई जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में आज दिनांक-07.09.2026 को आवेदक गौरी शंकर पुत्र लौटू पता मसैचा थाना शिवनगर डिडई जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा थाना स्थानीय पर अपनी पत्नी के नाराज होकर घर से बिना बताए अपने दो बच्चों के साथ कही चली गई है के संबंध में शिकायत दर्ज करायी गयी थी। प्राप्त शिकायत के आधार पर तत्काल थाना शिवनगर डिड़ई पुलिस व घर वालो द्वारा खोजबीन की गयी तो पता चला की आवेदक की पत्नी नाराज होकर अपने बहन के यहाँ चली गयी थी। दोनों पति-पत्नी को थाना स्थानीय पर बुलाकर मिशन शक्ति टीम द्वारा काउंसलिंग किया गया तो ज्ञात हुआ कि दोनों पति-पत्नी के बीच आपसी बात को लेकर मनमुटाव हो गया था मिशन शक्ति टीम द्वारा समझाने बुझाने पर पति-पत्नी एक साथ रहने को तैयार हो गए हैं। आवेदक द्वारा लिखित इकरार नामा दिया गया कि मुझे मेरी पत्नी और मेरे दोनों बच्चे मुझे मिल गए हैं मुझे और कोई कार्यवाही की आवश्यकता नही है।

**मिशन शक्ति टीम थाना शिवनगर डिड़ई जनपद सिद्धार्थनगर-**

01. उ0नि0 अनिल कुमार पाण्डेय

02. म0 हेड का0 नीलम शुक्ला

03.म0का0 प्रतिमा दूबे

## <u>प्रेस नोट दिनांक 07.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर</u>

**◆थाना सिद्धार्थनगर पुलिस द्वारा हत्या से सम्बन्धित वांछित 06 नफर अभियुक्तगण (तीन नफर महिला व तीन नफर पुरुष) को घटना के 24 घंटे के अन्दर किया गया गिरफ्तार।**

**◆घटना में प्रयुक्त लाइसेन्सी SBBLअसलहा मय कारतूस व डंडा बरामद।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन एवं सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान के कुशल पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक थाना सिद्धार्थनगर नवीन कुमार सिंह मय टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 274/2026 धारा 191(2), 191(3), 190, 103(1), 109(1) BNS व 27 आर्म्स एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तगण 1.जयप्रकाश धर दुबे उर्फ अकुल दुबे पुत्र दिनेश कुमार, 2.रितिक पाण्डेय पुत्र महेन्द्र पाण्डेय, 3.बंश गोपाल धर दूबे पुत्र रामशंकर धर दूबे, 4.इन्द्रासनी दुबे पत्नी दिनेश कुमार, 5.मानसी दुबे पुत्री दिनेश कुमार, 6.कविता दुबे पुत्री दिनेश कुमार निवासीगण जगदीशपुर खुर्द थाना व जनपद सिद्धार्थगर को घटना के 24 घंटे के अन्दर मुखबिर की सूचना पर बीएसए ग्राउन्ड से गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्तगण की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त एक अदद SBBL असलहा मय कारतूस व दो अदद लकडी का डंडा की नियमानुसार बरामदगी की गयी। तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्णकर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**पूछताछ का विवरण :–**

पूछताछ में अभियुक्तगण द्वारा बताया हम दोनों पक्षों का घर रोड के अगल- बगल स्थित है। कल दिनांक 06.09.2026 को सुबह आरसीसी सडक के निर्माण के दौरान दोनो पक्षो में कहा सुनी हो गयी, जिसमें अभियुक्त पक्ष द्वारा मृतक रमाशंकर पुत्र काशी उम्र 45 वर्ष व उसकी बहन सरोज उम्र 32 वर्ष को खींचकर अपने घर के बरामदे में लेकर चले गये, जहां लाईसेन्सी SBBL बन्दूक से रमाशंकर को गोली मार दिये, जिससे उसकी मृत्यु हो गयी तथा मृतक की बहन सरोज को मार - पीट कर घायल कर दिये।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण:-**

01.जयप्रकाश धर दुबे उर्फ अकुल दुबे पुत्र दिनेश कुमार
02.रितिक पाण्डेय पुत्र महेन्द्र पाण्डेय
03.बंश गोपाल धर दूबे पुत्र रामशंकर धर दूबे
04.इन्द्रासनी दुबे पत्नी दिनेश कुमार
05.मानसी दुबे पुत्री दिनेश कुमार
06.कविता दुबे पुत्री दिनेश कुमार
निवासीगण जगदीशपुर खुर्द थाना व जनपद सिद्धार्थगर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण :-**

01.प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह, थाना व जनपद सिद्धार्थनगर

02.निरीक्षक रामा प्रसाद यादव, थाना व जनपद सिद्धार्थनगर

03.उ0नि0 अशोक कुमार थाना व जनपद सिद्धार्थनगर

04.का0 सूरज गुप्ता, का0 सूरज कुमार, का0 शुभम रावत, म0आ0 नन्दिनी गुप्ता, म0आ0 पारुल यादव, म0आ0 किर्ती उपाध्याय।

## प्रेस नोट दिनांक 07.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के क्रम में थाना उसका बाजार कम्युनिटी पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम रेहरा बाजार व सार्वजनिक स्थलों का भ्रमण करते हुए वरिष्ठ नागरिको के संबंध में पूछताछ कर जानकारी करते हुए उनकी समस्याओं के संबंध में गोष्ठी का आयोजन किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में तथा प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक महोदय संतोष कुमार तिवारी के निर्देशन में संचालित कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 07.09.2026 को थाना उसका बाजार,जनपद सिद्धार्थनगर के ग्राम रेहरा बाजार में जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान वरिष्ठ नागरिक सहित ग्रामवासियों के साथ बैठकर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं कुशल क्षेत्र के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उपस्थित ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि उन्हें वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ नियमित रूप से प्राप्त हो रहा है तथा उनके परिवार में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। सभी लोग आपसी सौहार्द एवं प्रसन्नता के साथ जीवनयापन कर रहे हैं।इस अवसर पर ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया। ग्रामवासियों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

**कम्युनिटी पुलिसिंग टीम थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 रामप्रसाद

02.हे0 का0 नौमीनाथ

03.हे0का0 सिकन्दर गुप्ता

04.म0का0 प्रिया सिंह

**प्रेस नोट दिनांक 07.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के तहत थाना मिश्रौलिया कम्युनिटी पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम बैजनथआ एवं भपसी में वरिष्ठ नागरिकों/ दिव्यांगजन/ भिक्षुक के साथ संवाद स्थापित कर किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में तथा प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी इटवा के कुशल पर्यवेक्षण में रामदेव थानाध्यक्ष मिश्रौलिया के निर्देशन में संचालित कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 07/09/2026 को थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर के ग्राम बैजनथआ एवं भपसी में भ्रमण किया गया, दौरान भ्रमण उक्त सार्वजनिक स्थल पर 01 भिक्षुक एवं 01 दिव्यांग मिले तथा बेसहारा और लावारिस व्यक्ति नहीं मिले तत्पश्चात उक्त ग्रामसभा मे जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी के दौरान लगभग 70 वर्षीय कुल 06 बुजुर्ग नागरिक तथा बेसहारा भिखारियों एवं लावारिश सहित ग्रामवासियों के साथ बैठकर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं कुशलक्षेम के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। इस अवसर पर ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया।

**कम्युनिटी पुलिसिंग टीम थाना मिश्रौलिया-**

01.उ0 नि0 धर्मराज

02. हे0का0 तेजप्रकाश मौर्य

## प्रेस नोट दिनांक 07.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के तहत थाना कपिलवस्तु कम्युनिटी पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के अलीगढ़वा व सार्वजनिक स्थलों का भ्रमण करते हुए वरिष्ठ नागरिकों/भिखारियो/लावारिस/बेसहारा बच्चों के साथ संवाद स्थापित कर किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण एवं विनय प्रताप सिंह थानाध्यक्ष कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में व कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) अभियान के तहत आज दिनांक 07/09/2026 को कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (CPU) टीम द्वारा थानाक्षेत्र के अलीगढ़वा व सार्वजनिक स्थलों का भ्रमण करते हुए क्षेत्र में बुजुर्गों/ भिखारियो/ लावारिस/ बेसहारा बच्चों के संबंध में पूछताछ कर जानकारी करते हुए उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी प्राप्त किया गया किसी ने कोई गंभीर समस्या के बारे में नहीं बताया। श्रीमान उच्च अधिकारियों व उत्तर प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए किसी प्रकार की समस्या होने पर आवश्यक सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया गया तथा साइबर सुरक्षा संबंधी हेल्पलाइन नंबर की जानकारी दी गई आपसी सहयोग एवं समन्वय बनाए रखने हेतु व कानून व्यवस्था सुदृढ़ रखना, अपराधों की रोकथाम, अफवाहों से बचने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने हेतु जागरूक किया गया व सीपीयू प्रभारी का मोबाइल नंबर उपलब्ध कराया गया।

**कम्युनिटी पुलिसिंग टीम-**

1.उ0नि0 सुमेर यादव

2..म0आ0 महक पाण्डेय

# प्रेस नोट दिनांक 07.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।**

आज दिनांक 07.09.2026 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 18 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। जिसमें भूमि-विवाद से संबंधित- 02, पारिवारिक विवाद- 05, मार-पीट- 03 से संबंधित व अन्य 10 प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 07.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के तहत थाना उसका बाजार की मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम चनरैया की महिलाओं/बालिकाओं को एकत्रित कर महिला अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध में जागरूक किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 07/09/2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन में व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी थाना उसका बाजार के नेतृत्व में थाना उसका बाजार मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम चनरैया की महिलाओं/बालिकाओं को एकत्रित कर महिला अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के सम्बन्ध में जागरूक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी दहेज उत्पीड़न पॉक्सो एक्ट महिला संबन्धित मुकदमों में पीड़िताओं की काउंसलिंग की गई तथा मिशन शक्ति 5.0 स्टीकर भी चस्पा किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज  करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को  महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन नम्बरों- 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर व  नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 जयप्रकाश पांडेय

02.म0का0 कालिंदी यादव

03.म0का0 खुशबू सिंह

04.म0का0 प्रिया सिंह

# प्रेस नोट दिनांक 07.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆जनपदीय एण्टी रोमियो स्क्वाड पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति 5.0 फेज 2 के अन्तर्गत जनपद के थानाक्षेत्र बांसी के स्कूल-कॉलेज व भीड़-भाड़ आदि स्थानों पर मनचलों एवं शोहदों की चेकिंग की गयी।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 07/09/2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन में व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण व मीरा चौहान प्रभारी एण्टी रोमियो स्कवाड टीम/शक्ति मोबाइल के कुशल नेतृत्व में एण्टी रोमियो स्क्वाड पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति 5.0 फेज 2 के तहत थानाक्षेत्र बांसी के बांसी बाजार, बस स्टैंड बांसी, रानीगंज तिराहा, रतन सेन इंटर कॉलेज, सोनखर बाजार, डीह मिठवल, सनई तिराहा व स्कूल-कॉलेज/कोचिंग सेन्टर के पास तथा थाना क्षेत्र के आस-पास के मुख्य सड़को, चौराहों पर चेकिंग की गयी तथा महिलाओं और बालिकाओं को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों:- 112, 1090, 181, 1098, 1930, 102, 108 आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा महिला दुकानदारों से नियमित आए दिन चौराहों बाजारों आदि में अनावश्यक घूमने वाले शोहदों आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की गई, चेकिंग के दौरान कोई अप्रिय बात नहीं रही ।

**जनपदीय एण्टी रोमियो स्क्वाड पुलिस टीम का विवरण :-**

01. महिला हेड कांस्टेबल मंजू मौर्या

02.महिला कांस्टेबल नेहा सिंह

# प्रेस नोट दिनांक 07.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना भवानीगंज पुलिस द्वारा अपहरण के आरोपी वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेशानुसार अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक  सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागजं के निर्देशन मे एवं विजयशंकर सिंह थानाध्यक्ष भवानीगं के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 01.09.2026 को थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 102/2026 धारा 137(2), 87 बीएनएस से सम्बन्धित वाछिंत 01 नफर अभियुक्त  को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त  का विवरणः-**

1.अंशु कुमार पुत्र स्व0 तुलसीराम निवासी ग्राम हज्जीडीह वरघाट रामनगर नगर पंचायत बढनीचाफा थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-**

1.उ0नि0 राममिलन सिंह प्रसाद थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर।

2.हे0का0 सुरेन्द्र यादव व का0 सिद्धार्थ सिंह थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 07.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना मिश्रौलिया पुलिस द्वारा अपहरण के वांछित 01 नफर अभियुक्त को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेशानुसार अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन व पवीन प्रकाश क्षेत्राधिकारी इटवा के कुशल पर्यवेक्षण व थानाध्यक्ष रामदेव के कुशल नेतृत्व में थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु.अ.सं. 112/2026 धारा 87,137(2), 142 बीएनएस का सफल अनावरण करते हुए उपरोक्त से संबंधित 01 नफर वांछित अभियुक्त अशोक चौधरी पुत्र मुनेशर चौधरी निवासी सिरसिया मिश्र टोला मदरहिया थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर को आज दिनांक 07.09.2026 को थानाक्षेत्र के ग्राम बभनी बाजार के पास से गिरफ्तार कर अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्णकर माननीय न्यायालय रवाना किया गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-**

01.अशोक चौधरी पुत्र मुनेशर चौधरी निवासी सिरसिया मिश्र टोला मदरहिया थाना शोहरतगढ़ जनपद सिद्धार्थनगर

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण:-**

01. उ0नि0 श्यामकन्हैया दुबे
02. का0 संजीव कुमार शर्मा
03. का0 रोहित नन्दन

# प्रेस नोट दिनांक 07.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆कम्युनिटी पुलिसिंग अभियोन के क्रम में थाना त्रिलोकपुर कम्युनिटी पुलिस टीम द्वारा ग्राम सोहना में बुजुर्ग नागरिक व बेसहारा/पीड़ित व्यक्तियों के साथ बैठकर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं कुशलक्षेम के संबंध में जनसंवाद स्थापित किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में तथा श्री प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल पर्यवेक्षण में हरेकृष्ण उपाध्याय प्रभारी निरीक्षक थाना त्रिलोकपुर निर्देशन में संचालित कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 07/09/2026 को थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर के ग्राम- सोहना में जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया । गोष्ठी के दौरान बुजुर्ग नागरिक व बेसहारा/पीड़ित व्यक्तियों के साथ बैठकर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं कुशलक्षेम के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उपस्थित ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि उन्हें वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ नियमित रूप से प्राप्त हो रहा है तथा उनके परिवार में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। सभी लोग आपसी सौहार्द एवं प्रसन्नता के साथ जीवनयापन कर रहे हैं। इस अवसर पर ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया । ग्रामवासियों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

**कम्युनिटी पुलिसिंग टीम थाना त्रिलोकपुर-**

1.हे0का0 अमरनाथ यादव

2.का0 लाल बाबू निषाद

3.रि0म0आ0 रुचि

# प्रेस नोट दिनांक 07.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना सिद्धार्थनगर पुलिस द्वारा हत्या के आरोप में वांछित 06 नफर अभियुक्तगण (तीन नफर महिला व तीन नफर पुरुष) को घटना के 24 घंटे के अन्दर किया गया गिरफ्तार।**

**◆घटना में प्रयुक्त लाइसेन्सी SBBL असलहा व चार अदद जिन्दा कारतूस तथा लकडी का डंडा बरामद।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम मे अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत, प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं विश्वजीत सौरयान सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण तथा नवीन कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना सिद्धार्थनगर मय टीम द्वारा आज दिनाकं 07.09.2026 को थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 274/2026 धारा 191(2),191(3),190, 103(1), 109(1) BNS व 27 आर्म्स एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तगण 1.जयप्रकाश धर दुबे उर्फ अकुल दुबे पुत्र दिनेश कुमार, 2.रितिक पाण्डेय पुत्र महेन्द्र पाण्डेय, 3.बंश गोपाल धर दूबे पुत्र रामशंकर धर दूबे, 4.इन्द्रासनी दुबे पत्नी दिनेश कुमार, 5.मानसी दुबे पुत्री दिनेश कुमार, 6.कविता दुबे पुत्री दिनेश कुमार साकिनान जगदीशपुर खुर्द थाना व जनपद सिद्धार्थगर को घटना के 24 घंटे के अन्दर मुखबिर की सूचना पर बीएसए ग्राउन्ड से गिरफ्तार किया गया तथा अभियुक्तगण की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त एक अदद SBBL असलहा व चार अदद जिन्दा कारतूस तथा दो अदद लकड़ी का डंडा की नियमानुसार बरामदगी की गयी। आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर अभियुक्तगण को माननीय न्यायालय भेजा गया।

**पूछताछ का विवरण –**

पूछ ताछ में अभियुक्तगण द्वारा बताया हम दोनों पक्षों का घर रोड के अगल- बगल स्थित है। कल दिनांक 06.09.2026 को सुबह जमीनी विवाद को लेकर दोनो पक्षो में कहा सुनी हो गयी, जिसमें अभियुक्त पक्ष द्वारा मृतक रमाशंकर पुत्र काशी उम्र 45 वर्ष व उसकी बहन सरोज उम्र 32 वर्ष को खींचकर अपने घर के बरामदे में लेकर चले गये, जहां लाईसेन्सी SBBL बन्दूक से रमाशंकर को गोली मार दिये, जिससे रमाशँकर मृत्यु हो गयी तथा उनकी बहन सरोज को मार - पीट कर घायल कर दिये।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-**

1.जयप्रकाश धर दुबे उर्फ अकुल दुबे पुत्र दिनेश कुमार।

2.रितिक पाण्डेय पुत्र महेन्द्र पाण्डेय उम्र।

3.बंश गोपाल धर दूबे पुत्र रामशंकर धर दूबे।

4.इन्द्रासनी दुबे पत्नी दिनेश कुमार।

5.मानसी दुबे पुत्री दिनेश कुमार।
6.कविता दुबे पुत्री दिनेश कुमार।
साकिनान जगदीशपुर खुर्द थाना व जनपद सिद्धार्थगर।

**बरामदगी का विवरण –**
1.एक अदद SBBL असलहा
2.चार अदद जिन्दा कारतूस
3.एक अदद बेस बाल का बैट (लकडी का)
4.एक अदद कुदाल का बेट (लकडी का)

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**
1.प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह, थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।
2.निरीक्षक रामा प्रसाद यादव, थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।
3.उ0नि0 अशोक कुमार थाना व जनपद सिद्धार्थनगर।
4.का0 सूरज गुप्ता व का0 सूरज कुमार, का0 शुभम रावत, म0आ0 नन्दिनी गुप्ता, म0आ0 पारुल यादव, म0आ0 किर्ती उपाध्याय।

## प्रेस नोट दिनांक 07.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना चिल्हिया कम्युनिटी पुलिसिंग यूनिट टीम द्वारा कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के तहत थानाक्षेत्र के ग्राम जमुनी में भ्रमणशील रहकर सार्वजनिक स्थल पर वरिष्ठ नागरिकों व बेसहारा /पीड़ित व्यक्तियों के साथ संवाद स्थापित कर किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में तथा प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी मयंक द्विवेदी के पर्यवेक्षण में, व पवन कुमार मौर्य थानाध्यक्ष चिल्हिया के नेतृत्व में संचालित कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 07.09.2026 को थाना चिल्हिया, जनपद सिद्धार्थनगर के ग्राम जमुनी मे जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया । गोष्ठी के दौरान बुजुर्ग नागरिक व बेसहारा/पीड़ित व्यक्तियों के साथ बैठकर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं कुशलक्षेम के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उपस्थित विकलांग व्यक्तियों द्वारा बताया गया कि उन्हें विकलांग पेंशन योजना का लाभ नियमित रूप से प्राप्त हो रहा है तथा उनके परिवार में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। सभी लोग आपसी सौहार्द एवं प्रसन्नता के साथ जीवनयापन कर रहे हैं। इस अवसर पर ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न विकलांगों से सम्बन्धित जनकल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया। ग्रामवासियों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई।

**कम्युनिटी पुलिसिंग टीम थाना चिल्हिया जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.का0पंकज वर्मा

02.म0का0 शालू

03.म0का0 मनीता

## प्रेस नोट दिनांक 07.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के क्रम में थाना मोहाना कम्युनिटी पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम जाफरजोत में बुजुर्ग नागरिक एवं व बेसहारा/पीड़ित व्यक्तियों सहित ग्रामवासियों के साथ उनकी समस्याओं के संबंध में जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में तथा प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं विश्वजीत सौरयान के पर्यवेक्षण में, थानाध्यक्ष जितेन्द्र सिंह उपस्थिति में संचालित कम्युनिटी पुलिसिंग अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 07/09/2026 को थानाक्षेत्र के ग्राम जाफरजोत में जनसंवाद एवं गोष्ठी का आयोजन किया गया । गोष्ठी के दौरान बुजुर्ग नागरिक एवं व बेसहारा /पीड़ित व्यक्तियों सहित ग्रामवासियों के साथ बैठकर उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं कुशल क्षेत्र के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। उपस्थित ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि उन्हें वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ नियमित रूप से प्राप्त हो रहा है तथा उनके परिवार में किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं है। सभी लोग आपसी सौहार्द एवं प्रसन्नता के साथ जीवनयापन कर रहे हैं। इस अवसर पर ग्रामीणों को शासन द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी प्रदान करते हुए जागरूक किया गया। साथ ही कानून-व्यवस्था बनाए रखने, साइबर अपराधों से सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की समस्या या आपात स्थिति में तत्काल पुलिस से संपर्क करने हेतु प्रेरित किया गया। ग्रामवासियों द्वारा पुलिस के इस जनसंपर्क एवं जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए पुलिस के प्रति विश्वास एवं सहयोग की भावना व्यक्त की गई तथा भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाने की अपेक्षा व्यक्त की गई ।

**कम्युनिटी पुलिसिंग टीम-**

01.उपनिरीक्षक विजय प्रताप यादव

02.हे0का0आत्मानंद नायक

03.का0 विजय

04.म0का0अंजू वर्मा. काजल अग्रहरि

## प्रेस नोट दिनांक 07.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना कपिलवस्तु मिशन शक्ति टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0(द्वितीय चरण) के तहत बहु बेटी सम्मेलन, महिला सशक्तिकरण के क्रम में थानाक्षेत्र के ग्राम सुखमंगल पुर की महिलाओं व बालिकाओ को महिला संबंधी अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के संबंध मे पम्पलेट वितरीत कर जागरुक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 07/09/2026 थानाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह थाना कपिलवस्तु जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन मे थाना क्षेत्र के ग्राम सुखमंगल पुर की महिलाएं व बच्चियाँ जो थाने तक नहीं आ सकती हैं उनको चौपाल लगाकर बहु-बेटी सम्मेलन कर जागरूक किया तथा गांव की महिलाओं व बच्चियों के खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन,108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति व साइबर जागरूकता टीम-**

उ0नि0 सदरूल आलमीन
आ0 रत्नेश यादव
म0आ0 सुषमा वर्मा
म0आ0 महक
म0आ0 दीक्षा सिंह

## प्रेस नोट दिनांक 07.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना मिश्रौलिया पुलिस एवं स्थानीय गोताखोरों की मदद से मानसिक रूप से विक्षिप्त महिला को नदी से सुरक्षित निकाला गया तथा परिजन को सुपूर्द किया गया।**

आज दिनांक 07.09.2026 को थाना मिश्रौलिया क्षेत्रान्तर्गत ग्राम गौरडीह के उत्तर-पूर्व स्थित बूढ़ी राप्ती नदी में एक महिला के कूदने की सूचना स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस को दी गई। उक्त सूचना प्राप्त होते ही थानाध्यक्ष मिश्रौलिया मय पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचकर पुलिस टीम द्वारा स्थानीय गोताखोरों की सहायता से नदी में तलाश एवं बचाव कार्य शुरु कर दिया गया। अथक प्रयासों के उपरान्त महिला सोना पत्नी उमर मोहम्मद, उम्र करीब 65 वर्ष, निवासी थाना मिश्रौलिया, जनपद सिद्धार्थनगर, को नदी से सकुशल बाहर निकाल लिया गया। महिला के संबंध में ज्ञात हुआ कि वह मानसिक रूप से विक्षिप्त है। पुलिस द्वारा महिला के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा का ध्यान रखते हुए उसे उसके परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया। महिला वर्तमान में स्वस्थ है। पुलिस के इस कार्य का परिजन व स्थानीय लोगों द्वारा भूरी-भुरी प्रशंसा की गयी।

# प्रेस नोट दिनांक 07.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆"आपरेशन कन्विक्शन" के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना उसका बाजार पुलिस की प्रभावी पैरवी से मारपीट के आरोपी को न्यायालय उठने तक की सजा व ₹1,500/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।**

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे "आपरेशन कन्विक्शन" के तहत डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में आज दिनांक 07.09.2026 को वाद सं0-147/2018 NCR- 132/2017 धारा 323, 504, 427 भा0द0वि0 थाना उसका बाजार में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश श्री आदेश कुमार श्रीवास्तव, न्यायालय एसीजे(जु0डि0) जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त टिकोरी पुत्र गौरा निवासी सेमरहना टोला भवनियापुर थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर को न्यायालय उठने तक की सजा व ₹1,500/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अभियोजक श्री अजय कुमार गौतम तथा न्यायालय पैरोकार आरक्षी मोनू सिंह थाना उसका बाजार का सराहनीय योगदान रहा।

# प्रेस नोट दिनांक 07.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆"आपरेशन कन्विक्शन" के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना भवानीगंज पुलिस की प्रभावी पैरवी से आबकारी अधिनियम के आरोपी को न्यायालय उठने तक की सजा व ₹3,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।**

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे "आपरेशन कन्विक्शन" के क्रम में डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम में दिनांक 31.08.2026 को वाद सं0 72/2021 मु0अ0सं0 140/2020 धारा 60 आबकारी एक्ट थाना भवानीगंज मे पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश श्री उदयन कुमार गौतम जे0 एम0 डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा मुकदमा उपरोक्त से संबंधित अभियुक्त धारी लाल पुत्र केशव राम निवासी भैंसहिया भानपुर रानी थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर को न्यायालय उठने तक की सजा व ₹3,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अभियोजक श्री संदीप सिंह तथा न्यायालय पैरोकार आरक्षी सौरभ अग्रहरी थाना भवानीगंज का सराहनीय योगदान रहा।

## प्रेस नोट दिनांक 07.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆थाना कठेला समयमाता सी0सी0 टीम द्वारा थानाक्षेत्र अन्तर्गत मदरसा अरबिया जियाउल उलूम कुल्लीया जिया लिल्लबनात झकहिया की स्कुली वाहनो को चेक किया गया तथा यातायात नियमों के संबंध मे विस्तृत जानकारी दी गयी।**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में तथा प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी के पर्यवेक्षण में, व थानाध्यक्ष कठेला समयमाता नारायन लाल श्रीवास्तव के नेतृत्व मे आज दिनांक 07/09/2026 को सी0सी0टीम थाना कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा मदरसा अरबिया जियाउल उलूम कुल्लीया जिया लिल्लबनात झकहिया जनपद सिद्धार्थनगर के स्कूल वाहन को चेक किया गया वाहन के मेंटेनेंस/कागजातों, ड्राइवर के लाइसेंस को पूरा करने, स्कूल वाहन पर हेल्पलाइन नम्बर लिखा न होने पर वाहन पर हेल्पलाइन नम्बर लिखवाने हेतु प्रधानाचार्य महोदय को अवगत कराना गया व उच्च अधिकारीगण के आदेशों निर्देशों से अवगत कराते हुए स्कुल के वाहन चलकों को यातायात नियमों के सम्बन्ध में जागरुक किया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 07.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार विश्वकर्मा पूजा, अनन्त चतुर्दशी व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रो में फ्लैग मार्च/पैदल गस्त किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 07.09.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार विश्वकर्मा पूजा, अनन्त चतुर्दशी व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिह्नित हॉट स्पाट पर एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में फ्लैग मार्च/पैदल गश्त किया जा रहा है तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।

## प्रेस नोट दिनांक 07.09.2026 जनपद सिद्धार्थनगर

**◆क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा थानाध्यक्ष कठेला समयमाता के साथ आगामी त्यौहार विश्वकर्मा पूजा, अनन्त चतुर्दशी के दृष्टिगत, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु थानाक्षेत्र कठेला समयमाता में फ्लैग मार्च/पैदल गस्त किया गया।**

आज दिनांक 07.09.2026 को मयंक द्विवेदी क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ द्वारा नारायलाल श्रीवास्तव थानाध्यक्ष कठेला समयमाता के साथ आगामी त्यौहार विश्वकर्मा पूजा, अनन्त चतुर्दशी के दृष्टिगत, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु थानाक्षेत्र कठेला समयमाता में फ्लैग मार्च/पैदल गस्त किया गया। तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी। इस दौरान थाना कठेला समयमाता के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहें।